# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरूणमित्र न्यूज,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 28.11.2025

### 73 मानचित्र के मामले निपटाए

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में जनसुनवाई में नोटिस की सुनवाई हुई। मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 73 फरियादियों की बातचीत की और मानचित्र से जुड़े मामले निबटाए। मानचित्र निस्तारण कैंप में जनता की समस्याओं का निस्तारण किया गया। कैंप में कुल 101 प्रकरण की सुनवाई की गई। इसमें नियोजन अनुभाग ने 15 मामले का निस्तारण किया। 27 प्रकरणों को अस्वीकृत कर स्क्रूटनी के लिए भेजा गया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 28.11.2025

### वीडीए के सीमा क्षेत्र में शामिल हुए नए क्षेत्रों में होगा जीआईएस सर्वे

**वाराणसी।** मास्टर प्लान 2035 में जोड़े गए नए क्षेत्रों में जीआईएस सर्वेक्षण कराया जाएगा। गुरुवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक में इन क्षेत्रों में भू-उपयोग, ग्रीन बेल्ट, पार्क, एतिहासिक स्थल, स्वीकृत मानचित्र को अपलोड किया जाएगा। साथ ही वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने *जीआईएस आधारित मास्टर प्लान* की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में सूरत नगर निगम में जीआईएस के उपयोग एवं उसकी कार्यप्रणाली पर सलाहकारों ने जानकारी दी। प्रस्तुति में सूरत में जीआईएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्लॉट सर्च, भू-उपयोग, भवनों के फुटप्रिंट, संपत्ति कर सहित टाउन प्लॉनिंग से संबंधित जानकारी दी गई।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.11.2025

### जीआईएस आधारित मास्टर प्लान की प्रगति पर बैठक सम्पन्न

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में GIS आधारित मास्टर प्लान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, संतोष त्रिपाठी (मैनेजर GIS/स्मार्ट सिटी) तथा स्त्ररु त्वड्डस कंसल्टेंट उपस्थित रहे। बैठक के दौरान SGL GIS Consultant द्वारा सूरत म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन में त्वड्डस के उपयोग एवं उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में बताया गया कि सूरत में GIS प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से प्लॉट सेर्च, लैंडयूज़, बिल्डिंग फुटप्रिंट, बिल्डिंग परमिशन, प्रॉपर्टी टैक्स सहित टाउन प्लानिंग से संबंधित समग्र जानकारी एक ही स्थान पर नागरिकों को उपलब्ध कराई जाती है।समीक्षा बैठक में वाराणसी स्मार्ट सिटी एवं VDA द्वारा संयुक्त रूप से त्वड्डस आधारित प्लानिंग के अंतर्गत किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने यह भी अवगत कराया कि त्वड्डस प्लेटफ़ॉर्म पर लैंडयूज़, मैप अप्रूवल, ग्रीन बेल्ट, पार्क, मॉन्यूमेंट, तथा किसी भी भवन के स्वामित्व एवं स्वीकृत मानचित्र जैसी सभी महत्वपूर्ण परतों को अद्यतन रूप से अपलोड किया जाएगा, जिससे नागरिकों को समस्त जानकारी एक ही पोर्टल से सरलता एवं पारदर्शिता के साथ प्राप्त हो सकेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नये जोड़े गए क्षेत्रों के GIS आधारित मास्टर प्लान में भू-आकृतिक मानचित्रण, अद्यतन भूमि उपयोग डाटा, तथा आधारभूत संरचना से संबंधित सभी लेयर्स को वैज्ञानिक एवं पारदर्शी पद्धति से सम्मिलित किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय ने समयबद्ध रूप से मास्टर प्लान को पूर्ण करने पर विशेष जोर देतें हुए कहा कि इसके माध्यम से विस्तारित क्षेत्रों में योजनागत विकास, सुगम अनुमोदन प्रक्रियाएँ, तथा डेटा-आधारित शहरी नियोजन को बढ़ावा मिलेगा।



## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.11.2025

### नोटिस सुनवाई व मानचित्र निस्तारण कैंप का आयोजन

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए सभागार में उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैम्प का उद्देश्य भवन स्वामियों से प्राप्त मानचित्रों, नोटिसों तथा शमन से संबंधित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना था। वीडीए उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सभी अनुभाग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त मानचित्रों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों अथवा नियमों के अनुपालन न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है, उन पर संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कैम्प में कुल 101 प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुए। नियोजन अनुभाग द्वारा 15 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। 27 प्रकरणों को अस्वीकृत/ स्क्रूटनी के लिए सम्मानित किया गया। मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 73 भवन स्वामी उपस्थित हुए। इस व्यापक जनसुनवाई अभियान में नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पांचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण, तथा नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे और सभी ने अपने-अपने स्तर से कार्यवाही को सुचारू रूप देकर कैम्प को सफल बनाया। प्राधिकरण द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ एवं त्वरित बनाया जाए। इसी क्रम में निर्णय लिया गया है कि हर बृहस्पतिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में नियमित रूप से 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का आयोजन किया जाएगा, जिससे भवन स्वामियों को एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं मिल सके।



## तरूणमित्र न्यूज–दि0 28.11.2025

# जीआइएस आधारित मास्टर प्लान की प्रगति पर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में GIS आधारित मास्टर प्लान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान SGL GIS Consultant द्वारा सूरत म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन में GIS के उपयोग एवं उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में बताया गया कि सूरत में GIS प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से प्लॉट सर्च, लैंडयूज़, बिल्डिंग फुटप्रिंट, बिल्डिंग परमिशन, प्रॉपर्टी टैक्स सहित टाउन प्लानिंग से संबंधित समग्र जानकारी एक ही स्थान पर नागरिकों को उपलब्ध कराई जाती है। समीक्षा बैठक में वाराणसी स्मार्ट सिटी एवं वीडीए द्वारा संयुक्त रूप से GIS आधारित प्लानिंग के




वीडीए वीसी पूर्ण बोरा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए

अंतर्गत किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने यह भी अवगत कराया कि GIS प्लेटफ़ॉर्म पर लैंडयूज़, मैप अप्रूवल, ग्रीन बेल्ट, पार्क, मॉन्यूमेंट, तथा किसी भी भवन के स्वामित्व एवं स्वीकृत मानचित्र जैसी सभी महत्वपूर्ण परतों को अद्यतन रूप से अपलोड किया जाएगा, जिससे नागरिकों को समस्त जानकारी एक ही पोर्टल से सरलता एवं पारदर्शिता के साथ प्राप्त हो सकेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया।

कि नये जोड़े गए क्षेत्रों के GIS आधारित मास्टर प्लान में भू-आकृतिक मानचित्रण, अद्यतन भूमि उपयोग डाटा, तथा आधारभूत संरचना से संबंधित सभी लेयर्स को वैज्ञानिक एवं पारदर्शी पद्धति से सम्मिलित किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय ने समयबद्ध रूप से मास्टर प्लान को पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से विस्तारित क्षेत्रों में योजनागत विकास, सुगम अनुमोदन प्रक्रियाएँ, तथा डेटा-आधारित शहरी नियोजन को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, संतोष त्रिपाठी (मैनेजर GIS/स्मार्ट सिटी) तथा SGL GIS कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 28.11.2025

# वीडीए के मानचित्र निस्तारण कैम्प में 101 प्रकरणों की हुई सुनवाई



वीडीए वीसी पूर्ण बोरा की मौजूदगी में 101 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का गुरुवार को आयोजन किया गया।इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अनुभाग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त मानचित्रों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों अथवा नियमों के अनुपालन न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है, उन पर संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कैम्प में कुल 101 प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुए।नियोजन अनुभाग द्वारा 15 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।27 प्रकरणों को अस्वीकृत / स्क्रूटनी हेतु सम्मनित किया गया।मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 73 भवन स्वामी उपस्थित हुए।इस जनसुनवाई अभियान में नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण, तथा नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।